पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उ0प्र0

(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जनपद अम्बेडकरनगर में सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड वितरित किये ।

चिकित्सा कर्मी और चिकित्सालयों का भी हुआ सम्मान।

कौशल विकास के प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाए।

-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 05 सितम्बर, 2023

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद अंबेडकरनगर में अपने विविध कार्यक्रमों के क्रम में तहसील टांडा अंतर्गत जिला प्रशासन के अभिनव प्रयासों से विकसित पुंथर झील ,अमृत सरोवर ममरेजपुर का निरीक्षण किया । राज्यपाल जी दहिरपुर टांडा रोड अकबरपुर स्थित वृद्ध आश्रम में भी गयीं। ।उन्होंने वहां आवासित वृद्धो से संवाद किया और बुज़ुर्गों को वस्त्र, गिफ्ट हैंपर और फल वितरित किये।

अम्बेडकरनगर के जिला चिकित्सालय में राज्यपाल जी ने 20 क्षय रोगियों को पोषण किट ,आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 20 आयुष्मान लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड तथा 78 लाभार्थियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा गोल्डेन कार्ड प्रदान किया गया। उन्होंने दिनांक 01 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक संचालित विशेष गोल्डन कार्ड अभियान के दौरान सक्रिय सहयोग करने वाले 16 अधिकारियों एवं कर्मचारियों प्रशस्ति पत्र, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सूचीबद्ध 03 चिकित्सालयों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने जनपद मे आयुष्मान योजना में इलाज करने वाले 08 प्राइवेट चिकित्सालयों एवं 12 राजकीय चिकित्सालयों के संचालक / मैनेजर / अधीक्षकों के साथ बैठकर संवाद भी किया ।इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जनपद शाखा अम्बेडकरनगर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को राज्यपाल जी ने प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राज्यपाल महोदया जी ने जनपद के जिला अस्पताल, महिला अस्पताल , जिला अस्पताल में स्थित वन स्टॉप सेंटर तथा महिला एवं शिशु वार्ड का भी निरीक्षण किया और बच्चों को फल तथा खिलौने वितरित किये।

माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना के तहत संचालित केन्द्र डी०डी०यू० जे०के०वाई०. पार्थ थ्रेड प्रा०लि०, टाण्डा अम्बेडकरनगर का भ्रमण किया गया राजयपाल जी ने संचालित कोर्स के बारे में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों द्वारा विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर दिया। इस दौरान मौके पर जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, भाजपा जिला अध्यक्ष तथा संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361